तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर

राजस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्या 47/2025 (2025/156) प्रहलादराम बनाम राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार लूणी प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम

6-8-25

पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी प्रहलादराम पुत्र बिरमाराम जाति जाट निवासी ग्राम गुड़ा विश्नोईयान तहसील लूणी जोधपुर की सह खातेदारी कृषि भूमि खसरा नम्बर 108/4 रकबा 1.4569 हैक्टर, खसरा नम्बर 108/5 रकबा 1.4973, खसरा नम्बर 253/3 रकबा 0.7608 एवं खसरा नम्बर 253/4 रकबा 0.7689 ग्राम गुड़ा विश्नोईयान तहसील लूणी जोधपुर में आई हुई है। जिस पर प्रार्थी बहेसियत खातेदार काबिज है उपरोक्त खातेदारी की कृषि भूमि में प्रार्थी का जरिये नामान्तरकरण खातेदार दर्ज करते समय अशुद्व नाम प्रधानराम के नाम से लिपिकिय त्रुटि से एवं सहवन से दर्ज हो गया है। प्रार्थी का वास्तविक एवं सही नाम प्रहलादराम है। लिपिकिय त्रुटि से एवं सहवन से प्रधानराम दर्ज हो गया है प्रार्थी का वास्तविक नाम प्रहलादराम दर्ज किया जाना न्यायोचित है। जिसको शुद्व किया जाकर प्रधानराम के स्थान पर प्रहलादराम नाम दर्ज किया जाना आवश्यक है। प्रार्थी के तमाम दस्तावेजात आधार कार्ड, पेन कार्ड, एंव बैक पास बुक एवं अन्य दस्तावेजो में भी प्रहलादराम ही इन्द्राज है। प्रधानराम के स्थान पर प्रहलादराम नाम इन्द्राज किये जाने का निवेदन किया है।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। अप्रार्थी तहसीलदार लूणी से जांच रिपोर्ट हेतु तहरीर जारी की गई। तहसीलदार लूणी के पत्रांक/भू.अ. /2025/2188 दिनांक 17.07.2025 के द्वारा जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई जो शामिल मिसल हो। तसहीलदार लूणी द्वारा अपनी जांच रिपोर्ट में बताया कि ग्राम गुड़ा विश्नोईयान के राजस्व रेकर्ड अनुसार खसरा नम्बर 108/4, 108/5, 253/3, 253/4 में सहखातेदार के रूप में प्रधानराम पि. बीरमाराम जाति जाट दर्ज है। विरासत के नामान्तरकरण संख्या 1715 के जरिये प्रधानराम पि. बीरमाराम दर्ज हुआ है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड, राशन कार्ड, बैक डायरी आदि में प्रहलादराम पि. बिरमाराम जाति जाट दर्ज है। मौके पर पुछताछ कर मजम आम करने पर उपस्थित मौत बीरनो द्वारा बताया गया कि प्रधानराम व प्रहलादराम एक ही व्यक्ति होना बताया गया।

अतः उपरोक्त विवेचन तथा तहसीलदार लूणी की तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट एवं पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों के आधार प्रार्थी प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम स्वीकार किया जाकर तहसीलदार लूणी को निर्देशित किया जाता है कि ग्राम गुड़ा विश्नोईयान के राजस्व रेकर्ड अनुसार खसरा नम्बर 108/4, 108/5, 253/3, 253/4 के राजस्व रेकर्ड में खातेदार का नाम प्रधानराम पि. बिरमाराम के स्थान पर प्रहलादराम बिरमाराम रेकर्ड में दुरूस्ती का अमल दरामद करें। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी,
लूणी